भिवानी से प्रकाशित

हरियाणा का सर्वप्रथम हिन्दी दैनिक

# दैनिक चेतना

चेतना स्थापित 1957

संस्थापक : महान कर्मयोगी स्व. देवव्रत वशिष्ठ

/बीडब्ल्यूएन/16/2024-2026 मंगलवार 28 जनवरी, 2025 पृष्ठ संख्या : 8

# संविधान के मूल में है महिला सशक्तिकरणः प्रो. सुदेश

**खानपुर कलां, चेतना संवाददाता।** गणतंत्र दिवस भारतीय लोकतंत्र, संविधान और स्वतंत्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो हमारे देश के हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। ये उद्गार भगत फूल सिंह महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने गणतंत्र दिवस समारोह में अपने प्रेरणादायी संबोधन में व्यक्त किए।

कुलपति प्रो. सुदेश ने भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। तदुपरांत कुलपति ने महिला विवि के सुरक्षा दस्ते, एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा



प्रस्तुत परेड की सलामी ली। इस दौरान कुरुक्षेत्र विवि के पूर्व कुलसचिव प्रो. हवा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि वीरों के बलिदान से ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित भारतीय संविधान निर्माताओं को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कुलपति ने कहा कि संविधान निर्मात्री सभा में 15 महिलाओं ने सदस्य के रूप में काम किया है, जो दर्शाता है कि संविधान के मूल में महिला सशक्तिकरण है।

अपने प्रभावशाली संबोधन में कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारा संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि हम कैसे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए एक विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में हमारे देश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व प्रगति की है। कुलपति ने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह के नाम से स्थापित महिला विवि एनईपी-2020 के तहत विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई तथा खेल सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बबीता, निदेशक जनसंपर्क ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा सहित विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, विवि अधिकारी, गैर शिक्षक कर्मचारी, शोधार्थी एवं छात्राएं मौजूद रही।

# लोकतंत्र, संविधान और स्वतंत्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है गणतंत्र दिवस: कुलपति



गोहाना| उपमंडल में सामाजिक संगठनों व शैक्षणिक संस्थाओं में उत्साह के साथ 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। संगठनों के सदस्यों व शिक्षकों ने संस्थानों में ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का महत्व समझाया। इसी के तहत बीपीएस महिला विवि में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारतीय लोकतंत्र, संविधान और स्वतंत्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो हमारे देश के हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। यह हमारी एकता का प्रतीक है, जो विविधता में एकता के अद्‌भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। इससे पहले उन्होंने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान खेल सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुरुक्षेत्र विवि के पूर्व कुलसचिव प्रो. हवा सिंह, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बबीता, डॉ. अनिल बलहारा आदि मौजूद रहे।



भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में छात्राएं कार्यक्रम पेश करती हुईं • सौ. प्रवक्ता

# गणतंत्र दिवस समारोह में निखिल मदान ने किया ध्वजारोहण

गोहाना, 27 जनवरी (अरोड़ा): अमर शहीद मदन लाल धींगड़ा स्टेडियम में हुए गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण सोनीपत हलके के भाजपा विधायक निखिल मदान ने किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। इससे पहले उन्होंने शहीद स्मारक पर पहुंच कर शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.डी.एम. अंजलि श्रोत्रिय ने की। परेड में प्रथम स्थान हरियाणा पुलिस की टुकड़ी का रहा। इस टुकड़ी का नेतृत्व पी.एस.आई. राहुल ने किया। द्वितीय स्थान पर गवर्नमैंट गर्ल्स कॉलेज की टुकड़ी रही। तृतीय स्थान पर होली फैमिली कॉन्वैंट स्कूल की टुकड़ी रही।

झांकियों में प्रथम स्थान पर कृषि विभाग की झांकी रही। दूसरे स्थान पर गढ़ी उजाले खां गांव के पी.एम.श्री गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल की झांकी तथा तृतीय स्थान पर आई.टी.आई. की झांकी रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागी सातों स्कूलों को समान रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अभिमन्यु और गोहाना नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी इंद्रजीत विरमानी समेत



मार्च पास्ट का निरीक्षण करते हुए निखिल मदान। (अरोड़ा)

विभिन्न विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित रहे।

**बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण वी.सी. प्रो. सुदेश ने किया। उन्होंने मार्च पास्ट का निरीक्षण किया तथा परेड की सलामी स्वीकार की। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. हवा सिंह सांगवान तथा महिला विश्वविद्यालय की कार्यवाहक रजिस्ट्रार श्वेता सिंह भी हाजिर रहे।**

जे.एल.एन. स्कूल में ध्वजारोहण स्कूल के एम.डी. सुनील शर्मा ने किया। अध्यक्षता प्रिंसीपल डॉ. सचिन शर्मा ने की। मार्गदर्शन स्कूल की मैनेजर कृष्णा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में हुई भाषण प्रतियोगिता में यशिका प्रथम रही।

गीता विद्या मंदिर के कार्यक्रम के मुख्यातिथि सोनीपत भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र गहलावत रहे। अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट तिलक राज रेल्हन ने की तथा संयोजन प्रिंसीपल अश्विनी कुमार ने किया।

जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में ध्वजारोहण स्कूल के अध्यक्ष एडवोकेट पंकज जैन ने किया। अध्यक्षता स्कूल के मैनेजर वीरेंद्र जैन ने की तथा संयोजन प्रिंसीपल के.एल. दुरेजा ने की।

आर.एन.आई नं.- HARHIN/2007/29018 P/RTK/017

दैनिक **ऋषि की आवाज**

रोहतक से प्रकाशित

वर्षः 19 अंकः 25, रोहतक, मंगलवार 28 जनवरी 2025, मूल्यः एक रुपया, पृष्ठ : 8

# प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

## ● एमडीयू, बीपीएसएमवी, जीयू, जीजेयू, बीएमयू सहित अन्य विवि में शान से लहराया तिरंगा



**ऋषि की आवाज ब्यूरो रोहतक।** भारत का 76वां गणतंत्र दिवस हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पूरे उल्लास, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने गणतंत्र दिवस समारोह में एफडीसी लॉन ग्राउंड में तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस, हमारे देश के लोकतंत्र, संविधान और स्वतंत्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एमडीयू एनसीसी यूनिट द्वारा मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। जिसके बाद टैगोर सभागार में कैंपस स्कूल और छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में देशभक्ति कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने भी देशभक्ति गीत- भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात सुनाता हूं और मेरा करमा तू की शानदार प्रस्तुति दी।

**वहीं भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां की की कुलपति प्रो. सुदेश ने गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और विवि के सुरक्षा दस्ते, एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी ली। अपने प्रेरणादायी संबोधन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित भारतीय संविधान निर्माताओं को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कुलपति ने कहा कि संविधान निर्मात्री सभा में 15 महिलाओं ने सदस्य के रूप में काम किया है, जो दर्शाता है कि संविधान के मूल में महिला सशक्तिकरण है। इस दौरान कुरुक्षेत्र विवि के पूर्व कुलसचिव प्रो. हवा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।**

स्थानीय बाबा मस्तनाथ विवि में ध्वजारोहण उपरांत एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी व स्काउट एंड गाइड यूनिट ने परेड की सलामी दी। कुलपति प्रो. एच.एल. वर्मा ने भारतीय संविधान की महत्ता और इसके मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा संविधान न केवल विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, बल्कि यह समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे मूल्यों का प्रतीक भी है।

हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के महाराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेटस, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा दौड़ प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को सम्मानित किया।

इसी कड़ी में गुरुग्राम विवि में कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने सेक्टर 87 स्थित विवि परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान खेल, एनएसएस व एनसीसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कुलसचिव ने यूनिवर्सिटी न्यूजलेटर यूनिवर्सिटी लिंक का भी विमोचन किया।

Home / Hindi News / संविधान के मूल में है महिला सशक्तिकरण: कुलपति प्रो. सुदेश

Play / Stop Audio

# संविधान के मूल में है महिला सशक्तिकरण: कुलपति प्रो. सुदेश

Titan World Store Near You
Titan World






खानपुर कलां, गिरीश सैनी। गणतंत्र दिवस भारतीय लोकतंत्र, संविधान और स्वतंत्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो हमारे देश के हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। ये उद्गार भगत फूल सिंह महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने गणतंत्र दिवस समारोह में अपने प्रेरणादायी संबोधन में व्यक्त किए।

कुलपति प्रो. सुदेश ने भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। तदुपरांत कुलपति ने महिला विवि के सुरक्षा दस्ते, एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी ली। इस दौरान कुरुक्षेत्र विवि के पूर्व कुलसचिव प्रो. हवा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि वीरों के बलिदान से ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित भारतीय संविधान निर्माताओं को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कुलपति ने कहा कि संविधान निर्मात्री सभा में 15 महिलाओं ने सदस्य के रूप में काम किया है, जो दर्शाता है कि संविधान के मूल में महिला सशक्तिकरण है। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति जागरूकता बच्चों में शिक्षा के प्रारंभिक स्तर से ही विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने स्कूलों और विश्वविद्यालयों में संविधान की शिक्षा को अनिवार्य रूप से शामिल किए जाने का सुझाव दिया।

अपने प्रभावशाली संबोधन में कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारा संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि हम कैसे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए एक विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में हमारे देश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व प्रगति की है। कुलपति ने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह के नाम से स्थापित महिला विवि एनईपी-2020 के तहत विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यकीन जताया कि नई शिक्षा नीति हमें निर्भरता से मुक्त कराते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाएगी।

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई तथा खेल सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बबीता, निदेशक जनसंपर्क ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा सहित विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, विवि अधिकारी, गैर शिक्षक कर्मचारी, शोधार्थी एवं छात्राएं मौजूद रही।

Tags: Women empowerment | core of the constitution | Vice Chancellor Prof. Sudesh

RELATED POSTS

गुरुग्राम विवि में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र...

गुजवि में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने किया ध्वजारोहण

बीएमयू में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

COMMENTS

Name

Email

Comment

I'm not a robot

Post Comment

FOLLOW US

Facebook
X (Twitter)
Linkedin
Youtube

RECOMMENDED POSTS


Health
Action on 9 key health conditions can add 2.5 healthy days...


Former armed forces officials praise India's growing military...


HMPV not deadly, no evidence of mortality or severe spread:...


Congress didn't even call condolence meet after baba's...


My uncle was always a family man: Manmohan Singh's nephew


BJP vs Cong over scuffle at Parliament: Former calls it...

CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 28-01-2025 - 28 Jan 2025 - Page 3

# संविधान हमारी एकता का प्रतीक: वीसी

## महिला विवि में ने गणतंत्र दिवस समारोह में फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। राष्ट्रीय ध्वज फहराते कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो :हरिभूमि

गणतंत्र दिवस भारतीय लोकतंत्र, संविधान और स्वतंत्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो हमारे देश के हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। यह हमारी एकता का प्रतीक है, जो विविधता में एकता के अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह उद्गार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने गणतंत्र दिवस समारोह में अपने प्रेरणादायी संबोधन में व्यक्त किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। तदुपरांत कुलपति ने महिला विवि के सुरक्षा दस्ते, एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी ली। कुरुक्षेत्र विवि के पूर्व कुलसचिव प्रो. हवा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। छात्राओं ने देश के शहीदों की याद में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बबीता, निदेशक जनसंपर्क ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा आदि मौजूद रहे।

भिवानी से प्रकाशित
हरियाणा का सर्वप्रथम हिन्दी दैनिक
# दैनिक चेतना
चेतना स्थापित 1957
संस्थापक : महान कर्मयोगी स्व. देवव्रत वशिष्ठ
/बीडब्ल्यूएन/16/2024-2026 मंगलवार 28 जनवरी, 2025 पृष्ठ संख्या : 8

# प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**चंडीगढ, चेतना ब्यूरो।** भारत का 76वां गणतंत्र दिवस हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पूरे उल्लास, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने गणतंत्र दिवस समारोह में एफडीसी लॉन ग्राउंड में तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस, हमारे देश के लोकतंत्र, संविधान और स्वतंत्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एमडीयू एनसीसी यूनिट द्वारा मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। जिसके बाद टैगोर सभागार में कैंपस स्कूल और छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में देशभक्ति कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने भी देशभक्ति गीत- भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात सुनाता हूं और मेरा करमा तू की शानदार प्रस्तुति दी।









**वहीं** भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां की की कुलपति प्रो. सुदेश ने गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और विवि के सुरक्षा दस्ते, एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी ली। अपने प्रेरणादायी संबोधन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित भारतीय संविधान निर्माताओं को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कुलपति ने कहा कि संविधान निर्मात्री सभा में 15 महिलाओं ने सदस्य के रूप में काम किया है, जो दर्शाता है कि संविधान के मूल में महिला सशक्तिकरण है। इस दौरान कुरुक्षेत्र विवि के पूर्व कुलसचिव प्रो. हवा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बाबा मस्तनाथ विवि में ध्वजारोहण उपरांत एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी व स्काउट एंड गाइड यूनिट ने परेड की सलामी दी। कुलपति प्रो. एच.एल. वर्मा ने भारतीय संविधान की महत्ता और इसके मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा संविधान न केवल विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, बल्कि यह समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे मूल्यों का प्रतीक भी है।

**हिसार** स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के महाराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेटस, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा दौड़ प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को सम्मानित किया।

इसी कड़ी में गुरुग्राम विवि में कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने सेक्टर 87 स्थित विवि परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान खेल, एनएसएस व एनसीसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कुलसचिव ने यूनिवर्सिटी न्यूजलेटर यूनिवर्सिटी लिंक का भी विमोचन किया।